दिन– रविवार दिनांक– 07 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आवेदन के लिए विशेष पोर्टल लॉन्च किया।

02. राजगीर में पुरूषों की एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में भारत–कोरिया का मैच थोड़ी देर में शुरू होगा। लोगों में जबरदस्त उत्साह।

03. राजद नेता तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव में जीत का दावा किया। जदयू–भाजपा ने किया पलटवार। कहा– महागठबंधन को जबरदस्त हार मिलेगी।

04. और, आज रात पूर्ण चन्द्रग्रहण। चन्द्रग्रहण बिहार सहित पूरे देश में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

---

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए शुरुआत में दस हजार रुपये सीधे उनके बैंक खातों में दिए जायेंगे। इसके बाद लाभार्थी महिला के काम का आकलन कर अतिरिक्त दो लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में इस योजना के लिए एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया, जिसमें आवेदन की प्रक्रिया और उससे जुड़ी अन्य जानकारी प्रदान की गई है। इस पोर्टल के जरिये महिलाएं सीधे रोजगार के लिए आवेदन कर सकेंगी और योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने योजना के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए दो सौ पचास प्रचार वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सहित अन्य कैबिनेट मंत्री भी मौजूद थे।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। श्री चौधरी ने पटना में आयोजित कार्यक्रम के बाद

संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह योजना महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ उन्हें आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करेगी।

---बाइट---

---

इधर, ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। श्री कुमार ने कहा कि जो महिलाएं जीविका ग्रुप से नहीं जुड़ी हुई हैं, उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

---बाइट---

---

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू होने पर प्रदेश की महिलाओं में काफी खुशी देखी जा रही है। महिलाओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे उन्हें अपना रोजगार शुरू करने में मदद मिलेगी।

---बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि उनकी पार्टी भाजपा के साथ मिलकर राज्य के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री सीवान के पचरुखी प्रखंड में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के रोजगार के लिए एक नयी योजना मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना आज शुरू की गई है। इसके तहत हर घर की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए दस हजार रुपये की राशि दी जायेगी। जिनका रोजगार अच्छा चलेगा उन्हें दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि आज राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकार कोई काम नहीं कर रही थी।

———बाइट———

इससे पहले मुख्यमंत्री ने सीवान जिले में पांच सौ अंट्ठावन करोड़ पैंतीस लाख रूपये की लागत से नौ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

———————————————————————————

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है। श्री प्रसाद ने कहा कि जल्द ही इसकी घोषणा कर दी जायेगी।

———बाइट———

———————————————————————————

राजद नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि चुनाव आयोग की ओर से एसआईआर की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। श्री यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बिहार के लोगों ने चुनाव परिणाम के लिए अपना मन बना लिया है।

———बाइट———

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और राजद को दो हजार दस के चुनाव से भी कम सीटें मिलेंगी। श्री सिन्हा ने आज औरंगाबाद जिले के कुटुंबा में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने प्रदेश में विकसित बिहार की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत होगी।

---

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने दावा किया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों को विपक्ष में बैठने के लिए आवश्यक सीट भी नहीं मिलेगी। अररिया में संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रसाद ने कहा कि बिहार के लोग दोबारा जंगलराज की सरकार नहीं चुनेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली बिहार की एनडीए सरकार सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार का विधानसभा चुनाव विकास बनाम झूठे वादों पर आधारित होगा।

---

राजगीर में पुरुष एशिया कप हॉकी चौम्पियनशिप का फाइनल मैच अब से थोड़ी देर बाद भारत और कोरिया के बीच खेला जायेगा। भारतीय टीम मलेशिया और चीन जैसी मजबूत टीमों को हराकर फाइनल में पहुंची है। फाइनल मैच को लेकर दर्शकों में जबरदस्त जोश देखा जा रहा है। भारतीय टीम एशिया कप तीन बार जीत चुकी है। जबकि कोरिया ने पिछली बार यह खिताब जीता था। मौजूदा चैंपियनशिप में भारतीय टीम अब तक अजय रही है। आज ही मलेशिया ने चीन को चार–एक से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, जापान ने बांग्लादेश को छह–एक से हराकर पांचवां स्थान प्राप्त किया।

---

वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी की दरों में हाल ही में किए गए सुधार इस महीने की बाईस तारीख़ से लागू होगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि नई जीएसटी दरों का चिकित्सा क्षेत्र पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

–––बाइट–––

नए जीएसटी सुधारों के साथ ही अब सभी मेडिकल डिवाइस और उपकरणों पर 18 प्रतिशत की जगह अब सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी ही लगेगा। वहीँ, पट्टियों, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और अन्य ज़रूरी मेडिकल सामानों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। 33 जीवनरक्षक दवाओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। कैंसर, दुर्लभ रोग और बीमारियाँ तथा गंभीर बीमारियों के इलाज में काम आने वाली 3 दवाओं पर जीएसटी 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। मीडिया के साथ बातचीत में पॉली मेडिक्योर के मैनेजिंग डायरेक्टर हिमांशु बैद ने कहा कि ये सुधार सीधे उपभोक्ताओं को फायदा देंगे। कंज्यूमर को

फायदा होगा और जो इसेंशियल आइटमस है जिस तरह के ग्लूकोमीटर्स, थर्मामीटर बीपी इंस्ट्रूमेंटस उनपे ये जो 5 पर्सेंट हो गया है किसी पर 18 पर्सेंट था किसी पर 12 पर्सेंट था तो उससे बहुत बड़ा प्राइज रिडक्शन आएगा इन आइटमस के अंदर में जो भी मेडिकल डिवाइसिस इक्यूपमेंट है उनमें भी जो कॉस्ट रिडक्शन आएगी जो 5 पर्सेंट था आज जाएंगे ये सारे डिवाइसेस तो हॉस्पिटल को ये चीपर रेट में मिलेंगे प्रोडेक्ट। उससे जो अल्टीमेटली जो हॉसपिटल के बिल्स होंगे वे रिडयूज हो जाएंगे पेसेंट के लिए। हेल्थ इंश्योरेंस में जीरो पर्सेंट हो गया जीएसटी वो भी बहुत पेसेंट को फायदा होने वाला है लॉ्ग टाइम के अंदर। जीएसटी में कटौती से आधुनिक जांच उपकरणों के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधरेगी और बीमा भी सस्ता होगा। ऋषि जायसवाल के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती परिसंचरण के कारण मौसम विभाग ने कल प्रदेश के सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, बक्सर, औरंगाबाद, सीवान, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण सहित कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

———बाइट———

---

आज वर्ष का दूसरा चंद्र ग्रहण है। यह पूर्ण चन्द्र ग्रहण होगा। यह ग्रहण बिहार सहित पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ेगा। चंद्रग्रहण आज रात आठ बजकर अट्ठावन मिनट से शुरू होकर कल तड़के सुबह दो बजकर पच्चीस मिनट पर समाप्त होगा।

———बाइट———

दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के साथ ही एशिया, ऑस्ट्रेलिया, पूर्वी अफ्रीका और यूरोप के कुछ हिस्सों में भी चंद्र ग्रहण पूरी तरह नजर आयेगा। एक दुर्लभ खगोलीय घटना एक दशक में सबसे लंबे ग्रहणों में से एक होगी। इसकी अवधि भारत में 82 मिनट की होगी और चंद्र ग्रहण पाँच घंटे से अधिक समय तक रहेगा। पृथ्वी के सूर्य और चंद्रमा के बीच आने पर चंद्र ग्रहण होता है। इस दौरान चंद्रमा पर पृथ्वी की छाया पड़ती है। यह घटना केवल पूर्णिमा के दिन ही होती है। इसके अंतर्गत पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा तीनों एक रेखा में होते हैं। समाचार कक्ष से निखिल कुमार।

---

आज भाद्रपद की पूर्णिमा है। यह पूर्णिमा पितृ पक्ष की शुरुआत का प्रतीक है, जो पितरों की आत्मा की शांति के लिए महत्वपूर्ण है। आज श्रद्धालुओं द्वारा पूर्वजों के

आत्मशांति के लिए फल्गु नदी में स्नान कर खीर का पिंडदान किया गया। इधर, पटना के पुनपुन में भी अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले की आज से शुरूआत हो गयी है।

---

01. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आवेदन के लिए विशेष पोर्टल लॉन्च किया।

02. राजगीर में पुरूषों की एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में भारत–कोरिया का मैच थोड़ी देर में शुरू होगा। लोगों में जबरदस्त उत्साह।

03. राजद नेता तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव में जीत का दावा किया। जदयू–भाजपा ने किया पलटवार। कहा– महागठबंधन को जबरदस्त हार मिलेगी।

04. और, आज रात पूर्ण चन्द्रग्रहण। चन्द्रग्रहण बिहार सहित पूरे देश में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

---

समाप्त